बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), मंगलूरु

NABARD

GeM पोर्टल एवं एआई टूल्स के माध्यम से हिंदी में कार्य' विषय पर एक दिवसीय हिंदी संगोष्ठी

बैंकर्स ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड), मंगलूरु में दिनांक **20 फरवरी 2026** को *"GeM पोर्टल एवं एआई टूल्स के माध्यम से हिंदी में कार्य"* विषय पर एक दिवसीय हिंदी संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बर्ड मंगलूरु के संयुक्त निदेशक महोदय **श्री वी. एस. बालसुब्रमणियन** एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया।

अपने मुख्य संबोधन में संयुक्त निदेशक महोदय ने संगोष्ठी की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्थान के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि GeM पोर्टल एवं एआई टूल्स के माध्यम से हिंदी में कार्य जैसे समसामयिक और महत्वपूर्ण विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी कार्यालयों को संबोधित करते हुए कहा कि सामान्य वित्तीय नियम (GFR) के नियम 149 के अंतर्गत यह अनिवार्य किया गया है कि केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद GeM पोर्टल के माध्यम से ही की जाए। इस परिप्रेक्ष्य में GeM पोर्टल पर केंद्रित यह सत्र प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही, यदि किसी कार्यालय को GeM पोर्टल के उपयोग से संबंधित किसी प्रकार की व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, तो उनका समाधान भी इस संगोष्ठी के माध्यम से किया जाएगा।

एआई टूल्स के माध्यम से हिंदी में कार्य करने के विषय में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों के प्रयोग से राजभाषा हिंदी में कार्य करना न केवल सहज और संभव है, बल्कि इससे कार्य की गति, गुणवत्ता और दक्षता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संगोष्ठी सभी प्रतिभागियों एवं उनकी संस्थाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

संगोष्ठी के **प्रथम एवं द्वितीय सत्र** में GeM पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग पर **श्री बैद्य नाथ सिंह**, उप महाप्रबंधक/संकाय सदस्य द्वारा विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के दौरान GeM पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया, क्रय प्रक्रिया, संचालन विधि तथा संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इन सत्रों के दौरान प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए GeM पोर्टल से संबंधित व्यावहारिक प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान भी श्री सिंह द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया।

तृतीय सत्र में **श्री धीरज जी. पी. आर.**, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा *भारती – बहुभाषी अनुवाद सारथी (कंठस्थ-3.0), अनुवादिनी ए.आई., कोपायलट* तथा *चैटजीपीटी* जैसे आधुनिक एआई टूल्स के माध्यम से हिंदी में कार्य करने की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने दस्तावेज निर्माण, अनुवाद कार्य एवं विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में इन उपकरणों के प्रभावी उपयोग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, जिससे सत्र और अधिक संवादात्मक एवं उपयोगी बन सका। कार्यक्रम का समापन **श्री धीरज जी. पी. आर.**, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन संबोधन के साथ किया गया। संपूर्ण संगोष्ठी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक रूप से लाभकारी सिद्ध हुई।

संयुक्त निदेशक एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा दीप प्रज्वलन

संयुक्त निदेशक द्वारा संबोधन

श्री बैद्य नाथ सिंह GeM पोर्टल पर सत्र लेते हुये

प्रतिभागियों द्वारा सक्रिय सहभागिता